उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ- 226010

149/
संख्या- 03/तीन(परी0-1)/2019/खण्ड-1/टी0सी0-1
लखनऊः दिनांक-01 अगस्त, 2019

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 20-परीक्षा/2016 द्वारा गन्ना पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा-2016 (II) के अन्तर्गत गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के विज्ञापित 437 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा, दिनांक- 31 अगस्त, 2019 (शनिवार) को पूर्वाह्न- 10.00 बजे से अपराह्न- 01.30 बजे तक जनपद लखनऊ में एक पाली में आयोजित की जाएगी ।

आयोग की बैठक, दिनांक- 14 जून, 2019 में लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त विज्ञापन से सम्बन्धित दिनांक-31 अगस्त, 2019 को होने वाली परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि मूल विज्ञापन में प्रकाशित पाठ्यक्रम यथावत् रखते हुए पाठ्यक्रम के प्रथम प्रश्नपत्र में वर्णित भाग-1, सामान्य बुद्धि परीक्षण, भाग-2, सामान्य ज्ञान, भाग-3 समान्य विज्ञान तथा अंकगणित एवं द्वितीय प्रश्नपत्र के सामान्य हिन्दी भाग को प्रथम प्रश्नपत्र के भाग-4 के रूप में समेकित करते हुए दो प्रश्नपत्रों के स्थान पर तीन घण्टे तीस मिनट का एकल प्रश्नपत्र (दोनों पालियों का एक साथ) निम्न परीक्षा योजना के अनुसार होगा-

चरण	विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	समयावधि
प्रथम	भाग-1 सामान्य बुद्धि परीक्षण	25	50	तीन घण्टा तीस मिनट
	भाग-2 सामान्य ज्ञान	50	100	
	भाग-3 सामान्य विज्ञान तथा अंकगणित	75	150	
	भाग-4 सामान्य हिन्दी	25	50	
	योग	**175**	**350**	
द्वितीय	साक्षात्कार	-	50	
	कुल योग	**-**	**400**	

परीक्षा का पाठ्यक्रम वही होगा जो पूर्व में विज्ञापन संख्या- 20-परीक्षा/2016 के अन्तर्गत सूचना, दिनांक- 06 अक्टूबर, 2016 के द्वारा प्रकाशित किया गया है।

(बिपिन कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक